# अयोध्या में कैबनिेट बैठक: धर्म व संस्कृति को बढ़ावा देने वाले प्रस्तावों पर लगी मुहर

## चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में अयोध्या में हुई कैबनिेट की बैठक में धर्म व संस्कृति को बढ़ावा देने वाले कई प्रस्तावों को मंज़ूरी दी गई है।

## प्रमुख बिंदु

- कैबनिेट की बैठक में 'अयोध्याजी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद', 'माँ पटेश्वरी देवीपाटन विकास परिषद' और मुज़फ्फरनगर में 'शुकतीर्थ विकास परिषद' के गठन को मंज़ूरी दी गई है।
- कैबनिेट की बैठक में निम्नलिखित अन्य प्रस्तावों को मंज़ूरी मिली-
    - अयोध्या के माझा जमथरा गाँव में 25 एकड़ भूमि पर भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना के प्रस्ताव पर सहमति दी गई है।
    - अयोध्या शोध संस्थान को अंतर्राष्ट्रीय रामायण वैदिक शोध संस्थान के रूप मे विस्तारित करके स्थापित करने के प्रस्ताव को मंज़ूर कर लिया गया।
    - अयोध्या में प्रतिवर्ष होने वाले मकर संक्रांति व बसंत पंचमी मेले, बुलंदशहर के अनूपशहर के कार्तिक पूर्णिमा स्नान मेले और हाथरस के लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज के प्रांतीयकरण को मंज़ूरी दी गई है। इन मेलों की व्यवस्था में होने वाला खर्च सरकार वहन करेगी।
    - उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन एवं बनारस में देव दीपावली आयोजन का प्रांतीयकरण करने के प्रस्ताव को भी मंज़ूरी दी गई है।
    - प्रदेश मे महिला स्वयंसेवी समूहों को उनके ही ब्लॉक मे प्लांट लगाने के संबंध मे प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई है।
    - ड्रोन पॉलिसी को मंज़ूरी दी गई है।
    - राज्य स्तर पर नियमावली लागू करने के संबंध में प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई है।
    - शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से बुलाने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई है।





PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-meeting-in-ayodhya-proposals-promoting-religion-and-culture-approved